# VISION IAS

www.visionias.in

VISION IAS
R
N 23 OCT 2016
SUBMITTED IN 3 ...

## GENERAL STUDIES (TEST CODE : 844)

| | | | |
|---|---|---|---|
| Name of Candidate | Shailendra singh Endoliya | | |
| Medium Hindi/Eng. | Hindi | Registration Number | 7441 |
| Center | ORN | Date | 23/10/16 |

### INDEX TABLE

| Q. No. | Maximum Marks | Marks Obtained |
|---|---|---|
| 1 | 12.5 | |
| 2 | 12.5 | |
| 3 | 12.5 | |
| 4 | 12.5 | |
| 5 | 12.5 | |
| 6 | 12.5 | |
| 7 | 12.5 | |
| 8 | 12.5 | |
| 9 | 12.5 | |
| 10 | 12.5 | |
| 11 | 12.5 | |
| 12 | 12.5 | |
| 13 | 12.5 | |
| 14 | 12.5 | |
| 15 | 12.5 | |
| 16 | 12.5 | |
| 17 | 12.5 | |
| 18 | 12.5 | |
| 19 | 12.5 | |
| 20 | 12.5 | |

Total Marks Obtained:

Remarks:

### INSTRUCTIONS

1. Do furnish the appropriate details in the answer sheet (viz. Name, Registration Number and Test Code).
   उत्तर पुस्तिका में सूचनाएं भरना आवश्यक है (नाम, प्रश्न-पत्र कोड, विद्यार्थी क्रमांक आदि)।
2. There are TWENTY questions printed in HINDI and ENGLISH.
   इसमें बीस प्रश्न हैं तथा हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपे हैं।
3. All questions are compulsory.
   सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
4. The number of marks carried by a question/part is indicated against it.
   प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं।
5. Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate, which must be stated clearly on the cover of this Question-Cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other that the authorized one.
   प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश पत्र में किया गया है और उस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यूसीए) पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिए गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।
6. Word limit in questions, if specified, should be adhered to.
   प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।
7. Any page or portion of the page left blank in the Question-Cum-Answer Booklet must be clearly struck off.
   उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

# EVALUATION INDICATORS

1. Alignment Competence
2. Context Competence
3. Content Competence
4. Language Competence
5. Introduction Competence
6. Structure - Presentation Competence
7. Conclusion Competence

**Overall Macro Comments / feedback / suggestions on Answer Booklet:**

1.

2.

3.

4.

5.

6.

**All the Best**

VISION IAS™

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

Answer all the questions in NOT MORE THAN 200 WORDS each. Content of the answers is more important than its length. All questions carry equal marks.

12.5X20=250

1. It has been assessed that radicalisation is a security threat to India. Explain the basis of such an assessment with examples. What are the key pillars of the counter radicalisation strategy of the government?

प्रायः यह आकलित किया जाता है कि कट्टरता (रेडिक्लाईजेशन) भारत के लिए एक सुरक्षा संबंधी खतरा है। इस तरह के आकलन के मूलाधारों की उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए। कट्टरता से निपटने के लिए सरकार की रणनीति के प्रमुख आधार स्तंभ क्या हैं?

कट्टरता भारत के लिए सुरक्षा संबंधी प्रमुख खतरा है। भारत की जनसांख्यिकी व सामाजिक आर्थिक स्थिति द्वारा यह प्रतिबिम्बित होते है।

- कट्टर संगठनों द्वारा जैसे ISIS 90% भर्तियां online की जाती है। भारत की अधिकतर युवा आबादी सोशल मीडिया पर सक्रिय रहती है जिससे उनका खतरा बढ़ जाता है।
- भारत में अल्पसंख्यक मुस्लिम आबादी विशेष रूप से कट्टर विचारों के प्रति सुभेद्य है।
- भारत की रणनीतिक अवस्थिति। सीमावर्ती क्षेत्रों द्वारा कट्टरवादी विचारों का प्रसार
- बैंगलोर, हैदराबाद में ट्विटर एकाउंट के जरिये युवाओं को कट्टरवादी विचारधारा

Call us : 9650617807, 9968029039
Blog : www.visionias.wordpress.com
Visit us : www.visionias.in
Email : ajay.visionias@gmail.com

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

के प्रति प्रेरित करना।

- भारत में साइबर सुरक्षा तंत्र की प्रभावी मानकों की अनुपस्थिति। विभिन्न देशों (चीन व जापान) के बीच समन्वय की अनुपस्थिति के कारण सुरक्षा का खतरा और बढ़ जाता है।
- युवाओं में बेरोजगारी व अन्य कारणों से सरकार के प्रति रोष भावना की उपस्थिति जिसका कट्टरपंथी संगठनों द्वारा लाभ उठाया जाता है।

सरकार की रणनीति :

- युवाओं में जागरूकता पैदा करना। इन विचारधाराओं से प्रेरित युवाओं पर नजर रखना तथा उन्हें दण्डात्मक प्रणाली के बजाय सुधारात्मक प्रणाली द्वारा कट्टरपंथी विचारों से दूर ले जाना।

भारत में साइबर सुरक्षा तंत्र को मजबूत बनाना। विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित करना।

इस संबंध में तेलंगाना की प्रतिउग्रवाद नीति (de radicalisation Policy) एक प्रमुख पहल है इसी प्रकार एवं राष्ट्रीय उग्रवाद विरोधी नीति व नीति की आवश्यकता है।

सोशल मीडिया की उपयुक्त निगरानी करना क्योंकि कट्टरता वाले विचारों का प्रसार इन मीडिया द्वारा अधिकतर होता है।

युवाओं में असंतोष की भावना को दूर करना।

विदेशों विशेषकर इराक, सीरिया, जाने वाले युवाओं पर विशेष निगरानी बनाये रखना।

भारत को इन उपायों द्वारा कट्टरपंथी विचारधारा से निजात मिलेगी।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

2. Arguments on Siachen issue often move around the idea of demilitarisation. Examining the key attributes of the Siachen issue explain the basis of arguments regarding its demilitarisation? Also highlight the arguments against such an idea.

सियाचिन मुद्दे पर प्रस्तुत तर्क अक्सर विसैन्यीकरण के विचार के आस-पास मंडराता रहता है। सियाचिन मुद्दे से जुड़े प्रमुख पहलुओं का परीक्षण करते हुए इसके विसैन्यीकरण संबंधी तर्कों के मूलाधारों की व्याख्या कीजिए? साथ ही इस तरह के विचार के खिलाफ दिए जाने वाले तर्कों पर भी प्रकाश डालिए।

सियाचिन ग्लेशियर नुब्रा घाटी में काराकोरम में महत्वपूर्ण रणनीतिक अवस्थिति को दर्शाता है। कई कारणों से सियाचिन के विसैन्यीकरण का मुद्दा बना रहता है।

- सियाचिन में जलवायवीय दशाओं से प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण प्रतिवर्ष भूस्खलन तथा हिमस्खलन से कई जवानों की मृत्यु होती है। इस मानव क्षति को रोकने हेतु विसैन्यीकरण की बात होती है।
- सियाचिन में सरकार का सैन्य व्यय बहुत अधिक है। प्रतिदिन 2 करोड़ से अधिक खर्च होता है।
- स्वतंत्रता के पश्चात सियाचिन में हजारों

सैनिकों की घातक जलवायु परिस्थितियों के कारण हत्या हो चुकी है।

विसैन्यीकरण के खिलाफ तर्क -

सियाचीन के सामरिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण होने के कारण यहां सेनाओं नहीं हटाया जा सकता। क्योंकि इस पर भारत को सामरिक लाभ है तथा यहां विसैन्यीकरण से भारत एक सामरिक स्थिति खो देगा।


पाकिस्तान का भी विश्वासघाती रवैया इस दिशा में बाधक होगा।

चीन की बढ़ती भारतीय उपमहाद्वीप में स्थिति। चीन द्वारा पाक अधिकृत कश्मीर में अपनी आर्थिक, राजनीतिक गतिविधियों में बढ़ावा जा रहा है।

इस संबंध में कई विचारकों द्वारा सियाचीन को अस्थायित्व बताने तथा वैज्ञानिक केन्द्र हेतु बनाने पर विचार व्यक्त किया

जाता है। इसके अतिरिक्त यह भी सुझाव दिया जाता है कि सियाचीन पर निगरानी मानव सैनिकों द्वारा न रखकर प्रौद्योगिकी यंत्रों के माध्यम से भी की जा सकती है।

तथापि ये सभी बेहतर विकल्प नहीं है क्योंकि भारतीय उपमहाद्वीप की वर्तमान कूटनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए तथा भारत की सीमावर्ती स्थितियों को देखते हुए सियाचीन का विसैन्यीकरण एक अच्छा कदम नहीं होगा।



Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

3. Money laundering and terrorism have strong inter linkages. Illustrate. In this context, how far do the steps taken by the government confirm with the international commitments?

मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद मजबूती से एक-दुसरे से सम्बद्ध हैं। स्पष्ट कीजिए। इस संदर्भ में, सरकार द्वारा उठाए गए कदम किस हद तक अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं की पुष्टि करते हैं ?

मनी लॉन्ड्रिंग से तात्पर्य अवैध गतिविधियों द्वारा उत्पन्न धन प्रक्रिया से है। आतंकवादी गतिविधियों में इसी धन का प्रयोग किया जाता है।

- जम्मू कश्मीर राज्य में कट्टरपंथी विचारधारा को फैलाने हेतु ISI तथा अन्य आतंकवादी संगठनों द्वारा हवाला के जरिये धन भारत में भेजा जाता है।
- हथियारों, मानव, सामानकी तस्करी में मनी लॉन्ड्रिंग द्वारा उत्पन्न धन का प्रयोग किया जाता है।
- मनी लॉन्ड्रिंग के किसी भी देश की अर्थव्यवस्था पर विपरीत असर पड़ता है। देश में अवैध वित्तीय हस्तांतरणों का चलन बढ़ने से ही वित्तीय प्रणाली चरमरा जाती है।

आतंकवाद

आर्थिक | जैव आतंकवाद | सामाजिक

नई चुनौती

देश पर वृहद नकारात्मक प्रभाव

सरकार द्वारा उठाये गये कार्य:

- भारत को फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स का 34वां सदस्य बनाया गया है
- धनशोधन रोकथाम अधिनियम, 2002 भारत सरकार द्वारा पारित किया गया है। अधिनियम का दायरा विस्तृत किया गया है। कई अन्य गतिविधियों को इसमें शामिल किया गया है
- G-20 और ब्रिक्स संगठन लोकतांत्रिक आतंकवाद की निंदा की

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

4. Longstanding issue of insurgency in the Northeast highlights the linkage between violence, remoteness, underdevelopment and alienation. Elaborate. Also, suggest some corrective measures for a lasting resolution of the conflicts in this region.

पूर्वोत्तर में लम्बे समय से विद्यमान उग्रवाद का मुद्दा वस्तुतः हिंसा, दूरी, अल्पविकास, और अलगाव की भावना के मध्य के संबंधों पर प्रकाश डालता है। सविस्तार व्याख्या कीजिये। इसके साथ ही इस क्षेत्र में संघर्ष के एक स्थायी समाधान के लिए कुछ सुधारात्मक उपायों का सुझाव भी दीजिए।

स्वतंत्रता के पश्चात से ही पूर्वोत्तर में उग्रवादी गतिविधियां विद्यमान हैं।

हिंसा - पूर्वोत्तर में सैन्य बलों द्वारा की गई कई हिंसक कार्यवाहियों से उग्रवादी संगठनों को सरकार के प्रति लोगों को भड़काने का मौका मिलता है।

- आर्म्ड फोर्सेस स्पेशल पावर एक्ट (AFSPA) का पूर्वोत्तर क्षेत्र में विरोध

दूरी
- सामाजिक
- भौगोलिक
- आर्थिक

- भारत के कई हिस्से के लोगों द्वारा पूर्वोत्तर के लोगों को भी उपनिवेश की भावना से देखा जाता है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

- भौगोलिक दृष्टि से अवसंरचना- रेल, सड़क नेटवर्क का अभाव।
- आर्थिक दृष्टि से संसाधनों, बुनियादी सुविधाओं तक पहुँच नहीं।

- अल्पविकास - पर्याप्त क्षेत्र में संसाधनों प्रभावी विकास नहीं। पिछड़ेपन की स्थिति
- अलगाव की भावना - लोगों में अलगाव की भावना का कई संगठनों - NSCN (खापलांग) द्वारा समर्थन किया जाता है।

स्थायी समाधान हेतु प्रयास :

- समस्या के संबंध में त्रिपुरा मॉडल अपनाना जिन क्षेत्रों में सुरक्षा संबंधी विधान नहीं है वहां से अफस्पा लिए से समाप्त करना।
- लोगों में अपनत्व की भावना का विकास करना।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

अवसंरचना - रेलवे, सड़क नेटवर्क का प्रभावी विकास करना। ताकि सरकारी सुविधाओं तक लोगों की पहुँच सुनिश्चित हो।


- कट्टरपंथी व अलगाववादी संगठनों पर कठोर दण्डात्मक कार्यवाही करना।
- अलगाववादी संगठनों के वित्त पोषण के स्रोतों को रोकना। क्योंकि इन संगठनों द्वारा सरकार सरकारें चलाकर सरकारी धन का गलत उपयोग किया जाता है। ऐसी गतिविधियों को प्रभावी ढंग से समाधान करने की आवश्यकता है।
- लोगों में सांस्कृतिक मेलमिलाप की भावना को प्रोत्साहित करना। हॉर्नबिल जैसे त्योहारों के जरिये सांस्कृतिक सामंजस्यता को, मेलमिलाप को बढ़ावा देना।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

5. While on the one hand China's One Road One Belt initiative poses security concerns and challenges for India, on the other, it can help improve India's connectivity to major markets and resource supplies. Discuss.

जहाँ एक ओर चीन की 'वन बेल्ट वन रोड' पहल भारत के लिए सुरक्षा संबंधी चिंताएं और चुनौतीयां खड़ा करता है, वहीं दूसरी ओर यह संसाधनों की आपूर्ति और प्रमुख बाजारों तक भारत की कनेक्टिविटी (संयोजकता) को बेहतर बनाने में भी मदद कर सकता है। चर्चा कीजिए।

चीन की वन बेल्ट वनरोड नीति में सुरक्षा, भू राजनीतिक आयाम सामने है वहीं यह बेहतर संपर्कता विकसित कर सकता है




- CPEC कॉरिडोर जो इसी नीति का भाग है उत्तर पाक अधिकृत कश्मीर (PoK) से गुजरने के कारण सुरक्षा संबंधी चिंताएं है।
- इस कॉरिडोर पर कॉरिडोर चीन के शिनजियांग क्षेत्र को पाक के ग्वादर बंदरगाह से जोड़ता अरब सागर में चीन के प्रभाव को बढ़ायेगा

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

- हिंद महासागर में भारत के प्रभावी कूटनीतिक उद्देश्यों को चुनौती।
- मेरीटाइम सिल्क रोड नीति जोकि स्पष्ट है चीन, भारत (कोलकाता), अफ्रीका को जोड़ेगी। इसमें भी भारत के लिए अपने निहितार्थ है।
- इसके अतिरिक्त 'वन बेल्ट वन रोड' नीति से चीन भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों में बेहतर अवसंरचना- रेल, सड़क नेटवर्क विकसित करेगा। जबकि भारत की अपने सीमावर्ती क्षेत्रों तक सीमित पहुंच है जिससे सुरक्षा संबंधी चिंताएं उत्पन्न होंगी।

यद्यपि इस नीति के सकारात्मक लाभ होने की भी उम्मीद है

- निर्यात अवसरों - यूरोप, एशिया, अफ्रीका महाद्वीप के बीच बेहतर अवसंरचना नेटवर्क से निर्यातों की अबाध आपूर्ति

इंडोनेशिया होगी इससे आसियान सभी जुड़े हुए देशों में आर्थिक व्यापार व निवेश को बढ़ेगा।

- भारत के कोलकाता व इम्फाल की अन्य समीपवर्ती देशों से बेहतर संपर्क इंडोनेशिया होगी। भारत का BCIM (बांग्लादेश, चीन, भारत, म्यांमार कॉरिडोर) भी इसका एक हिस्सा बनेगा।
- भारत की look east policy को बल मिलेगा क्योंकि Act दक्षिण क्षेत्रों से बेहतर संपर्क विकसित होगा।

तथापि चीन की इस नीति के अपने आलोचक भी है। विश्लेषकों द्वारा इसे अमेरिका की 'pivot to Asia' नीति को संतुलित करने के रूप में देखा जाता है।

भारत को IORA और समझौते के माध्यम से हिंद महासागर में अपने प्रभावी सामर्थ्य विस्तार करना होगा।

6. NATGRID was an ambitious step involving intelligence reforms, however, it remained a non-starter. Explain. In the context of recent initiatives to revive the NATGRID and the challenges it faced previously what steps are required to make it effective?

नेटग्रिड (NATGRID) इंटेलिजेंस सुधारों से सम्बंधित एक महत्वाकांक्षी कदम था, हालांकि यह शुरू नहीं हो पाया। व्याख्या कीजिए। नेटग्रिड को पुनर्जीवित करने की हाल की पहल और पूर्व में इसके द्वारा सामना की गयी चुनौतियों के संदर्भ में, इसे प्रभावी बनाने के लिए कौन-से कदम उठाए जाने की आवश्यकता है?

नेटग्रिड के अंतर्गत शामिल आसूचना ग्रिड है इसके अंतर्गत भारत की विभिन्न क्षेत्र के एक आसूचना ग्रिड रूप में परिवर्तित कर सुरक्षा संबंधी चिंताओं का समाधान किया जायेगा।

- भारत में सभी आपराधिक गतिविधियों/ व्यक्तियों का डिजीटल डाटाबेस तैयार करना, जिससे अपराधियों की शीघ्र पहचान हो सके भविष्य में आतंकवादी गतिविधियों को रोका जा सके।

- सभी प्रचलित खातों व आसूचना विभाग के बीच समन्वय स्थापित करना।

- आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना। आसूचना प्रणाली को बेहतर बनाना।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

नेटवर्क को प्रभावी बनाने हेतु विभिन्न राज्य सरकारों व भारत सरकार के बीच समन्वय आवश्यक है।


- राज्य सरकारों के द्वारा संबंधी मुद्दों और सामग्रियों से संबंधित लिटरेचर प्रभावी समाधान करने की आवश्यकता है।
- एक ग्रिड बनाने के लिए डिजीटल डाटाबेस तैयार करने हेतु एक संस्थागत ढांचा बनाने की आवश्यकता है। इसके साथ ही एवं बेहतर प्रौद्योगिकी उपकरणों की जरूरत है।
- साइबर अपराधों व हैकिंग के मद्देनजर डिजीटल डाटाबेस को सुरक्षित रखने हेतु अंतर्राष्ट्रीय मानकों का प्रयोग करने की आवश्यकता है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

7. India's national security architecture faces a difficult task in detecting digital intrusion in cyberspace. What are the challenges India faces w.r.t. Digital Intrusion? How can these challenges be overcome?

भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा अवसंरचना ,साइबर स्पेस में डिजिटल घुसपैठ का पता लगाने में मुश्किलों का सामना कर रही है। डिजिटल घुसपैठ के सन्दर्भ में भारत किन चुनौतियों का सामना कर रहा है? इन चुनौतियों को कैसे दूर किया जा सकता है?

डिजीटल घुसपैठ भारत के लिए सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण समस्या है। डिजीटल घुसपैठ साइबर सुरक्षा प्रणाली के प्रभावपूर्ण न होने के कारण उत्पन्न होती है।




भारत में साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों की कमी। वर्तमान में 1000 से भी कम साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ भारत में मौजूद है जबकि साइबर हमले लगातार बढ़ते जा रहे है।

साइबर सुरक्षा हेतु उपयुक्त प्रौद्योगिकी तंत्र का अभाव।

VISION IAS™

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

- डिजीटल इकोनॉमी सके हेतु बेहतर स्टैंडर्ड द्वारा मानक प्रचालन तंत्रों का भारत में अभाव।
- भारत में अधिकतर युवा आबादी के डिजिटल मीडिया सक्रिय रहने से अनेक निजी जानकारी लीक हो जाती है अनेक डाटाबेस की सुरक्षा हेतु कोई मानक नियामक सुरक्षा तंत्र मौजूद नहीं।
- साइबर पेट्रोलिंग की प्रभावी प्रक्रिया की अनुपस्थिति।
- भारतीय डिजीटल डाटाबेस को अधिकतर विदेशी कंपनियों द्वारा तैयार किया जाता है। डिजीटल सेवाओं के लिए भारत की विदेशी कंपनियों पर अत्यधिक निर्भरता है जिससे भारतीय डिजीटल तंत्र पर संकट बना रहता है।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

चुनौतियों का निवारण :

- इस हेतु सरकार द्वारा निवेशकों की चिंता बाजार की दिशा में कार्य करना होगा।
- सरकार द्वारा नीति 2013 के दिशानिर्देशों को प्रभावी ढंग से लागू करना।
- सरकार पेट्रोलिंग पर विशेष ध्यान देना
- अंतर्राष्ट्रीय बेहतर डिजील नेटवर्कों का प्रयोग करना।
- सरकार द्वारा कंपनियों व लोगों में जागरूकता का प्रसार करना।
- विभिन्न देशों के साथ आपसी सहयोग व समन्वय द्वारा डिजील दुरुपयोग रोकने का प्रयास करना।
- अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों द्वारा इन दिशा में प्रभावी कार्यवाही करने हेतु भारत को एक नेतृत्वकर्ता के रूप में अपनी भूमिका निभानी होगी।

# VISION IAS™

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

8. Relations with Iran hold a lot of potential for India's ambitions for West Asia and beyond, however, realising this potential also involves certain global and regional challenges. Examine.

ईरान के साथ संबंध वस्तुतः पश्चिम एशिया और उससे परे भारत की महत्वाकांक्षा के लिए संभावनाओं से परिपूर्ण हैं, तथापि इस संभावना को साकार करने के मार्ग में कुछ वैश्विक तथा क्षेत्रीय चुनौतियां भी हैं। परीक्षण कीजिए।

भारत व ईरान मध्य संबंध दोनों देशों लिए महत्वपूर्ण हैं भारत के विदेश नीति आयामों से महत्वपूर्ण है।


- ऊर्जा सुरक्षा - चाबाहार पोर्ट से भारत को तेल सीधी आपूर्ति भारत के ऊर्जा सुरक्षा हेतु महत्वपूर्ण है।

- चाबाहार पोर्ट के जरिये भारत अफगानिस्तान (जरंज-डेलाराम रोड) के रास्ते मध्य एशियाई देशों से संपर्क स्थापित कर सकेगा। जिससे मध्य एशियाई देशों के संसाधनों का भावी उपयोग हो सकेगा (जो होगा)

- भारत की परमाणु नागरिक में बेहतरीन नीति बनाने हेतु ईरान के साथ भारत की निकटता आवश्यक है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

पाईपलाइन राजनय में भारत के हितों के दृष्टिकोण से ( प्रवासी भारतीय आदि) भी ईरान महत्वपूर्ण है




कूटनीतिक चुनौतियां :

- भारत की ईरान के साथ बढ़ती नजदीकी से आगे सऊदी अरब के साथ भारत के संबंधों पर प्रभाव पड़ेगा क्योंकि सऊदी अरब ईरान के बीच अच्छे संबंध नहीं है
- ईरान के भारत के साथ संबंधों से राजनीतिक रिश्ते प्रभावित होगी पाकिस्तान, चीन के पश्चिम में कई चुनौतियां मौजूद है

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

- हाल में अमेरिका व ईरान के बीच खराब से अमेरिका ने ईरान के तेल निर्यात पर नियंत्रण लगा दिया था जिससे भारत को ईरान द्वारा तेल निर्यात पर भी असर पड़ा यद्यपि वर्तमान में ईरान-अमेरिका संबंध सुधार की ओर अग्रसर है।

- भौगोलिक चुनौतियां

- भारत, पाकिस्तान, ईरान के बीच पाइप लाइन परियोजना राजनीतिक स्थितियां

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

9. The internal crisis in Nepal over the past few years has given concrete shape to the fears of China gaining upper hand vis-a-vis a traditionally influential India. Elaborate. What can India do to further strengthen its ties with the Himalayan nation?

पिछले कुछ वर्षों में नेपाल के आतंरिक संकट ने पारंपरिक रूप से प्रभाव रखने वाले भारत पर चीन द्वारा बढ़त लिए जाने के भय को ठोस आकार प्रदान किया है। विस्तारपूर्वक बताईए। इस हिमालयी राष्ट्र के साथ अपने संबंधों को अधिक मजबूत करने हेतु भारत और क्या कर सकता है?

नेपाल में संवैधानिक संकट के कारण मधेसी व पहाड़ी नेपाली समुदाय में बढ़ती दूरियों का भारत-नेपाल संबंधों पर विपरीत प्रभाव पड़ा है।

- हाल में मधेसी समुदाय द्वारा ब्लॉक की (नाकेबंदी) घटनाओं के कारण नेपाल-भारत के संबंधों पर विपरीत प्रभाव पड़ा जिसका लाभ चीन द्वारा उठाकर प्रभाव किया गया।
- भारत के हाल्दिबाड़ी बंदरगाह से चीन नेपाल द्वारा सामानों की आवाजाही हुई जो किलोमीटर है जो नेपाल से लगभग 1000km है। चीन द्वारा नेपाल को अपने बंदरगाहों का प्रयोग करने की अनुमति देने से चीन द्वारा भारत

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

ना बढ़त लिए जाने के प्रयासों को बल मिला। यद्यपि चीन का बंदरगाह नेपाल से 3000 km की दूरी के कारण भारत की तुलना में आर्थिक दृष्टि से कम लाभप्रद है।

चीन द्वारा नेपाल के साथ रेल नेटवर्क समझौता
काठमांडू नेटवर्क के संबंध में समझौता यद्यपि यहां भी यह महत्वपूर्ण होगा कि चीन बाहरी देशों के लिए तिब्बत को कितना खोलना चाहता है।

चीन की अवस्थिति भारत की तुलना में कम लाभकारी है। नेपाल के लिए चीन भारत का विकल्प नहीं हो सकता।

तथापि वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए भारत नेपाल संबंधों को और प्रभावी बनाने की आवश्यकता है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

- मधेसी समुदाय के साथ मिलकर नेपाल सरकार द्वारा भारत के कूटनीतिक प्रयासों से संवैधानिक विवादित स्थिति का समाधान करना।
- इन संबंध में गुजराल डॉक्ट्रिन व PM मोदी की 'neighbourhood first' (पड़ोसी प्रथम) नीति महत्वपूर्ण है। इनके पारिपेक्ष्य में भारत द्वारा नेपाल से साथ सहयोगी संबंध बनाने होंगे।
- भारत द्वारा भूकंप में नेपालवासियों को सहायता पहुँचाना व 1950 की भारत नेपाल मैत्री संबंध संधि में संशोधन करना एक महत्वपूर्ण कदम है।
- भारत-नेपाल दोनों देशों द्विपक्षीय रूप से संबंधों में 'बाधा वाले तत्वों' का समाधान बिना किसी तीसरे देश को बीच में लाये, करना होगा।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)


10. The Trans-Pacific Partnership agreement (TPP), touted as the world's biggest trade deal to date, has danger of bending the WTO rules. In this context, discuss the impact TPP can have on India's foreign trade. What are the options that India has to deal with the issues arising out of the TPP?

विश्व के सबसे बड़े व्यापार समझौते के रूप में प्रचारित ट्रांस-पेसिफ़िक पार्टनरशिप (टी.पी.पी.) समझौते द्वारा डब्ल्यू.टी.ओ. के नियमों को प्रभावित करने की आशंका है। इस परिप्रेक्ष्य मे भारत के विदेश व्यापार पर टी.पी.पी. के संभावित प्रभावों की चर्चा कीजिए। टी.पी.पी. से उत्पन्न मुद्दों से निपटने के लिए भारत के पास क्या विकल्प हैं?

ट्रांस पेसिफिक पार्टनरशिप समझौता अमेरिका व अन्य 11 देशों के बीच होगा क्षेत्रीय व्यापारिक करार है जिसका भारत के GDP पर प्रभाव पड़ने की संभावना है

TPP का भारत पर महत्वपूर्ण प्रभाव इस प्रकार होगी :-

- भारत का Trade diversion के कारण निर्यात पर विपरीत असर पड़ेगा वियतनाम के TPP में शामिल होने से वस्त्र उद्योग को वियतनाम से कड़ी चुनौती मिलेगी क्योंकि वियतनाम निर्यातकों को TPP देशों में कम टैरिफ से होगी।
- भारत का भुगतान संतुलन प्रभावित होगा।
- भारत की GDP पर भी प्रभाव पड़ने की संभावना है




- श्रम, पर्यावरण के नियम में आयात को नियम बनेंगे, इसके अतिरिक्त तकनीकी हस्तांतरण पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा।
- TPP देशों में बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR) संबंधी मुद्दों के उभरने की संभावना है।

भारत के पास इन TPP उत्पन्न मुद्दों से निपटने हेतु कम विकल्प उपलब्ध हैं।

- भारत को TPP देशों के साथ पृथक रूप से FTA (मुक्त व्यापार समझौता) जारी करने की दिशा में प्रयास करना होगा।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

- निर्यात बाजार को विविधता प्रदान करना- लैटिन अमेरिकी बाजारों की ओर भारत को ध्यान देना होगा।
- निर्यात मानकों को बेहतर बनाना।
- विश्व व्यापार संगठन का प्रयोग एवं प्रभावी लोकतंत्र के रूप में रखना ताकि भारत के प्रतिस्पर्धी आर्थिक हितों पर विपरीत प्रभाव ना पड़े।
- इस संबंध में भारत को RCEP (क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी) जैसे क्षेत्रीय समझौतों निगोशिएशन पर ध्यान देना होगा।
- श्रम, पर्यावरण मानकों में उपयुक्त रूप से सुधार करना।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

11. Legal proceedings initiated by the Marshall Islands against India, Pakistan and Britain over nuclear weapons in the International Court of Justice highlights the issues of jurisidiction of the court. What is India's position vis-a-vis the jurisdiction of the ICJ? Also differentiate between binding and advisory pronunciations of the court with suitable examples.

अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आई.सी.जे.) में मार्शल द्वीपसमूह द्वारा भारत, पाकिस्तान तथा ब्रिटेन के खिलाफ़ परमाणु हथियारों को ले कर आरम्भ की गयी कानूनी कार्यवाहियाँ वस्तुतः इस न्यायालय के क्षेत्राधिकार के मुद्दे को उजागर करती हैं। अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के क्षेत्राधिकार के संदर्भ में भारत का क्या रुख है? साथ ही उचित उदहारण प्रस्तुत करते हुए न्यायालय के बाध्यकारी तथा सलाहकारी निर्णयों के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए।

अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय संयुक्त राष्ट्र संस्थान एक प्रमुख अंग है। अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में किसी भी कार्यवाही हेतु दोनों देशों का सहमत होना आवश्यक है तभी उस कार्यवाही को मान्य माना जायेगा। दोनों पक्षों द्वारा कार्यवाही की सहमति से ICJ द्वारा दी गई निर्णय दोनों पक्षों के लिए बाध्यकारी होगा।

मार्शल द्वीप समूह द्वारा भारत, पाकिस्तान, ब्रिटेन के खिलाफ आरंभ की गई कानूनी कार्यवाहियों के संबंध में अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय का क्षेत्राधिकार के संबंध में प्रश्न खड़े हो गये हैं।

VISION IAS™

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

किसी भी कार्यवाही के प्रारंभ हेतु सभी पक्षों द्वारा सहमति दिया जाना आवश्यक है इस प्रकार कार्यवाही को <u>सहभागीय</u> <u>कार्य</u> बनाया जा सकता है

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

12. Even though the refugee crisis in Europe does not affect India directly, it presents an opportunity for India to showcase its commitment and capability to take greater responsibility in dealing with global issues. Comment in light of India's strengths, experience and international commitments regarding refugees.

यद्यपि, यूरोपीय शरणार्थी संकट का भारत पर कोई प्रत्यक्ष प्रभाव नहीं है, लेकिन यह भारत के लिए वैश्विक मुद्दों से निपटने हेतु अधिक बड़ी ज़िम्मेदारी ग्रहण करने संबंधी प्रतिबद्धता तथा क्षमता को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है। शरणार्थी संबंधी भारत के सामर्थ्य, अनुभव तथा अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के आलोक में इस पर टिप्पणी कीजिए।

यूरोपीय शरणार्थी संकट का भारत पर प्रत्यक्ष प्रभाव न होने के बावजूद भारत के एक वैश्विक शक्ति होने तथा भारत के द्वारा मानवीय सहायता के प्रबल हिमायती होने के संबंध में भारत को अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है।

वैश्विक शांति के अपने सिद्धांतों को प्रभावी रूप देने हेतु भारतीय शरणार्थी संकट के संबंध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती होगी।

भारत संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी अभिसमय 1951 तथा शरणार्थी प्रोटोकॉल 1967 का हस्ताक्षरकर्ता देश नहीं है तथापि भारत की ~~एक~~ सीमावर्ती स्थितियों से

देखते हुए इस संबंध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की आवश्यकता है।

भारत की चुनौतियां :

- म्यांमार सीमा पर रोहिंग्या शरणार्थी समस्या - महाबोधि मंदिर पर बम विस्फोट से रोहिंग्या शरणार्थियों की भूमिका के बारे में पता चला था।
- बांग्लादेश से जलवायु शरणार्थी (डेल्टाई क्षेत्रों पर जलवायु परिवर्तन प्रभाव) की समस्या के संबंध में भारत में विस्थापन ढांचेगत अभाव।
- श्रीलंका से तमिल लोगों के विस्थापन की समस्या।

भारत अभी शरणार्थी समस्या के निवारण हेतु प्रावधान से लैस नहीं है। भारत में संबंधित संस्था व शक्ति सम्पन्न

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

प्रमुख मुद्दे

कांगो व डेमोक्रेटिक गणराज्य के बीच सम्बन्ध में विभाजन की स्थिति

(अनुभव) - 1971 में शरणार्थी समस्या से भारत का सामना हुआ वर्तमान में भी बांग्लादेशी सीमा पर शरणार्थियों व अवैध प्रवासियों का आवागमन होता रहता है।

- अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धता के उद्देश्य अनुसार किसी शरणार्थी को वापस नहीं भेजा जा सकता है। UN शरणार्थियों में शरणार्थियों की परिभाषा दी गई है। इनमें पर्यावरण शरणार्थी को शामिल नहीं किया गया है।
- अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन द्वारा प्रवासियों के संबंध में प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई है।

इस संबंध में भारत को अंतर्राष्ट्रीय मानकों में सुधार की ओर कदम बढ़ाना होगा

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

13. India is endowed with an amazing variety and wealth of soft power resources. Providing examples, illustrate the utilisation of soft power in diplomatic initiatives of the recent past. What are the limitations of the soft power approach in diplomacy in case of a developing country such as India?

भारत सॉफ्ट पावर (मृदु शक्ति) संसाधनों की आश्चर्यजनक विविधता एवं बहुलता से संपन्न है। उदहारण प्रस्तुत करते हुए, हाल के कूटनीतिक पहलों में सॉफ्ट पावर के उपयोग का वर्णन कीजिए। भारत जैसे किसी विकासशील देश के लिए कूटनीति में सॉफ्ट पावर एप्रोच (मृदु शक्ति उपागम) की क्या सीमाएं हैं?

भारत सॉफ्टपावर के रूप में एक प्रमुख देश है। भारत द्वारा इस शक्ति का प्रभावी प्रयोग किया जाता है।

- सांस्कृतिक कूटनीति - काशी-क्योटो पहल
  शंघाई-अहमदाबाद पहल
  ↓
  'सिस्टर सिटी' अवधारणा

- भारत द्वारा मालदीव में पानी के संकट के दौरान पानी की ड्रोन उपलब्धता सुनिश्चित करना।

- यमन में फंसे भारतीयों को निकालने हेतु ऑपरेशन राहत - जिसमें कई विदेशी नागरिकों को भी बचाया गया।

भारत जैसे विकासशील देश के लिये soft व hard power दोनों के बीच संतुलन की स्थिति महत्वपूर्ण है। भारत के प्रभावी क्षेत्र पर कोई समस्या उत्पन्न होने पर भारत को एक प्रभावी कदम उठाना होगा।

भारत
- hard power
  - प्रभावक आयाम
- soft power
  - सांस्कृतिक
  - आर्थिक आयाम

↓

संतुलन की स्थिति

↓

भारत एक वैश्विक शक्ति की मान्यता

soft power की सीमाएं :

- soft power एक सीमा तक सही है। आतंकवादी संगठनों व नये आतंकवादी

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

निभाने के लिए निष्ठ भाव को इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है क्योंकि इससे मुख्यात्मक होने पर विपरीत असर पड़ेगा।

- भारत को अपने राष्ट्रीय हितों के मद्देनज़र अपनी नीति को निर्धारित करना होगा। राष्ट्रीय, सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक हित व वैश्विक हितों के बीच तालमेल / सामंजस्य स्थापित कर भारत को कूटनीतिक पहल करनी होगी।

- अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में दोनों नीतियों का अपना महत्व है तथापि भारत के दृष्टिकोण से यह रामनीति अभी तक एक प्रमुख नीतिगत पहल रही है वर्तमान में कूटनीतिक स्थितियों को देखते हुए हार्ड नीतियों का उपयोग भी गलत नहीं ठहराया जा सकता है।

VISION IAS™

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

14. Highlight the features of NAVIC and bring out its significance for India. How is it different from GAGAN? Examine whether NAVIC can be a replacement of GPS for India.

नाविक (NAVIC) की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए तथा भारत के लिए इसके महत्व को उजागर कीजिए। यह गगन (GAGAN) से किस प्रकार भिन्न है? परीक्षण कीजिए कि क्या नाविक भारत के लिए जी.पी.एस. को प्रतिस्थापित कर सकता है।

नाविक (नेवीगेशन इंडियन कॉन्स्टेलेशन) भारत का एक नेवीगेशन सेटेलाइट तंत्र है इसके द्वारा भारत को कई लाभ होने की संभावना है-

- युद्ध संबंधी स्थितियों को रोकने में तथा किसी आपातकालीन/ युद्ध जैसी स्थितियों में विदेशी नेवीगेशन तंत्र पर निर्भरता भारत के लिए सुरक्षा दृष्टि से खतरनाक है।
- नाविकों, मछुआरों के लिए बेहतर नौपरिवहन सुविधा प्रदान करना
- आर्थिक संसाधनों का पता लगाने हेतु खनन की दृष्टि से उपयोगी।
- G.P.S. के स्थान पर नाविक का उपयोग भारत की स्वदेशी प्रौद्योगिकी पर निर्भरता

बढ़ायेगा।

- नाविक के अंतर्गत 7 सैटेलाइट होंगे। IRNSS (Indian Regional Navigation Satellite System). जिनमें से नाविक तंत्र में 4 भूस्थैतिक व 3 जियोसिंक्रोनस कक्षाओं में चक्कर लगायेंगे।

नाविक → Standard enabling service - ऐसी सेवा सभी उपभोक्ताओं को उपलब्ध होगी।

नाविक → Encrypted service - विशेष रूप से सैन्य उपयोग हेतु

- नाविक द्वारा भारतीय उपमहाद्वीप के सीमा (1500 km) तक के क्षेत्र में सेवाएँ संचालित की जायेगी।
- नाविक द्वारा दुर्गम क्षेत्रों में चलावकों को बेहतर ढंग से संचालित करने में मदद मिलेगी।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

गगन (GPS Aided Geo-Augmented Navigation System) नौसंचलन हेतु GPS पर आधारित था जबकि नाविक पूर्णतः भारतीय सैटेलाइट (स्वदेशी तंत्र) पर आधारित होगा।

विदेशी सैटेलाइटों / तंत्र पर निर्भरता समाप्त होने की संभावना बढ़ेगी।

भारत द्वारा अन्य देशों के उपग्रहों को लॉन्च करके राजस्व प्राप्ति की संभावना है।

=) नाविक G.P.S. की तुलना में कम सटीक हो सकता है लेकिन इसमें सुधारों के माध्यम से भविष्य में एक महत्वपूर्ण नौसंचलन (नेविगेशन) तंत्र के रूप में विकसित होगा।

15. What are Carbon Nanotubes (CNTs) and how are they an improvement over carbon fibres? Highlight the various unique properties of CNTs which makes them suitable to the manufacturing industry.

कार्बन नैनोट्यूब (सी.एन.टी.) क्या होते हैं तथा वे किस प्रकार कार्बन फाइबर से श्रेष्ठ हैं। सी.एन.टी. के उन विशिष्ट गुणधर्मों पर प्रकाश डालिए जो इसे विनिर्माण उद्योग हेतु उपयुक्त बनाते हैं।

कार्बन नैनोट्यूब, कार्बन से बने नैनोटेल ($10^{-9}$ m) के सतीक्ष्ण नलिका है। कार्बन फाइबर की तुलना में इनका आकार कम होता है।

- इसके अतिरिक्त कार्बन फाइबर की तुलना में ये अधिक प्रभावी हैं।
- CNT- विद्युत संचलन में प्रभावी शक्ति निभाते हैं इनके विद्युत संचलन में विद्युत (ऊर्जा हानि) न्यूनतम होती है।
- विनिर्माण क्षेत्र में इनका उपयोग बिजली के प्रभावपूर्ण उपयोगों को सुनिश्चित करेगा।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

16. Explain the significance of gravitational waves recently detected by LIGO. What are the objectives of the recently envisaged LIGO-India project and what benefits will India accrue from it?

हाल ही में एल.आई.जी.ओ. (लिगो) द्वारा खोजे गए गुरुत्वीय तरंगों के महत्व की व्याख्या कीजिए। हाल ही में परिकल्पित एल.आई.जी.ओ.-इंडिया प्रोजेक्ट (लिगो-भारत परियोजना) के क्या उद्देश्य हैं, तथा भारत को इससे क्या लाभ होंगे?

लिगो द्वारा खोजे गये गुरुत्वीय तरंगो से ब्रह्माण्ड की विभिन्न प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी मिलेगी।

- गुरुत्वीय तरंगे दिक्-काल फेब्रिक (space-time fabric) है। इनके द्वारा समय-स्थान तंत्र में होलन की स्थिति का पता लगता है।
- आकाशीय घटनाओं - सुपरनोवा, white dwarf जैसी स्थितियों को समझने में सहायता मिलेगी।

लीगो-इंडिया प्रोजेक्ट - गुरुत्वीय तरंगो की खोज की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

17. What are the criteria employed for a pandemic to be declared a Public Health Emergency of International Concern (PHEIC) by the WHO? In the wake of recent Ebola and Zika virus outbreaks examine the efficacy of the prevalent architecture of global health governance. Also, assess India's preparedness in handling such global epidemics.

डब्ल्यू.एच.ओ. द्वारा किसी महामारी को पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी ऑफ़ इंटरनेशनल कंसर्न (PHEIC) के रूप में घोषित करने के लिए क्या मानदंड अपनाए जाते हैं? हाल ही में इबोला तथा ज़ीका विषाणु के प्रसार के सन्दर्भ में वैश्विक स्वास्थ्य प्रबंधन की प्रभावोत्पादकता की जाँच कीजिए। ऐसी वैश्विक महामारियों से निपटने के लिए भारत की तैयारियों का मूल्यांकन कीजिए।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

VISION IAS™

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

18. Give a brief explanation of CRISPR - gene editing technology. Also discuss its signif cance in modern biology and agriculture.

जीन एडिटिंग प्रौद्योगिकी - सी.आर.आई.एस.पी.आर. (CRISPR) की संक्षिप्त व्याख्या प्रस्तुत कीजिए। आधुनिक जीव-विज्ञान तथा कृषि में इसके महत्व पर भी चर्चा कीजिए।

CRISPR एक जीन एडिटिंग प्रौद्योगिकी है। इसके द्वारा जीन में क्रमबद्ध परिवर्तन करके आवश्यकतानुसार गुणों का विकास किया जाता है।

जीव विज्ञान:

प्रभावी जीन एडिटिंग से आनुवांशिक रोगों के रोकथाम में मदद मिलेगी।

पार्किन्सन जैसी बीमारियों का सफल इलाज संभव होगा।

जीन के त्याग विभिन्न रोगों से निजात मिलेगी।

यद्यपि इससे डिजाइनर बेबी का खतरा उत्पन्न भी हो सकता है। डिजाइनर बेबी से कई समाजात्मक नकारात्मक परिणाम पैदा होंगे।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

- पादपों के स्वास्थ्य बेहतर अनुसंधान/ खोज करने में मदद मिलेगी।

कृषि :

- जलवायु परिवर्तन परिप्रेक्ष्य में फसलों में होरहे रोगों को रोकने में सफलता मिलेगी। सूखा प्रतिरोधी फसल तैयार करने में CRISPR की प्रमुख भूमिका होगी।
- ग्लोबल वार्मिंग के परिप्रेक्ष्य में प्रभावी फसल उत्पन्न करने में सहायता मिलेगी। बायो फोर्टिफिकेशन - जिंक युक्त चावल, लौह युक्त बाजरा जैसी तकनीक से आसानी से उत्पन्न किया जा सकेगा।
- कृषि में नवीन आधुनिक पोषणीय फसलों का विकास होगा। जिससे किसानों के राजस्व में वृद्धि होगी।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

19. Even though large infrastructure projects like High Speed Rail (HSR) facilitate greater technological development, they come with their own set of challenges. Examine in the context of proposed HSR projects in India. Suggest some measures on how HSR can truly be 'Made in India'.

यद्यपि हाई स्पीड रेल (एच.एस.आर.) जैसी बड़ी अवसंरचना परियोजनाएं व्यापक स्तर पर प्रौद्योगिकीय विकास में सहायता करती हैं, लेकिन उनकी भी अपनी चुनौतियां होती हैं। भारत में प्रस्तावित एच.एस.आर. परियोजनायों के परिप्रेक्ष्य में परिक्षण कीजिए। कुछ उपाए बताईये कि कैसे सही मायने में एच.एस.आर. 'मेड इन इंडिया' हो सकता है।

हाई स्पीड रेल अवधारणा की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण प्रयास है तथापि ऐसी परियोजनाओं की अपनी चुनौतियां है

- हाई स्पीड रेल हेतु पटरियों की उपलब्धता एक प्रमुख मुद्दा है नई ट्रेन चलाने हेतु उपयुक्त पटरियां आवश्यक है जबकि भारत में पटरियों का अभाव है
- स्वदेशी तकनीक उपलब्ध न होना। विदेशी तकनीक पर निर्भरता के कारण भारत पर कुप्रभाव चिंताए।
- हाई स्पीड रेल परियोजनाओं हेतु निवेश एक प्रमुख समस्या है इतनी बड़ी परियोजनाओं के लिए वित्तपोषण भी आवश्यक है भारत में निजार व बैंकों

आर्थिक स्थिति इस हेड एक समस्या बनी हुई है।

राजनीतिक मुद्दे।

- हाईस्पीड रेल लाने के पश्चात उनके लाभ भी समस्या। क्योंकि उनका रोकि निर्माण पारदर्शी ढंग से करना भी एक चुनौती होगी भारत में रेल यात्रा किराया का अनावश्यक राजनीतिकरण होने से रेलवे को नुकसान का सामना करना पड़ता है।

- हाईस्पीड रेलों की सुरक्षा संबंधी मुद्दे। उनकी ऑपरेशन लागत व रखरखाव की समस्या।

- हाईस्पीड रेल के क्षेत्र में भारत को विदेशी तकनीक पर निर्भरता बढ़ानी होगी। इस क्षेत्र में तकनीकी हस्तांतरण के जरिये विदेशी निवेश को बढ़ाना होगा।

भारतीय रेल के वित्त पोषण हेतु उपयुक्त वित्तीय पोषण तंत्र का विकास करना होगा।

परियोजनाओं की उपलब्धता बढ़ाती होगी व आकर्षक होने में कुशल रखना होगा।

भारतीय रेल अर्थव्यवस्था विकास के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण बिंदु है

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

20. What do you understand by Big-data? Using SDGs as an example, discuss its role n effective implementation of public policy. Also mention challenges faced in using Big-Data and measures to overcome them.

*बिग-डेटा* से आप क्या समझते हैं? एस.डी.जी. को एक उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करते हुए सार्वजनिक नीतियों के प्रभावी कार्यान्वयन में इसके महत्व पर चर्चा कीजिए। इसके अतिरिक्त, बिग-डेटा के प्रयोग में आने वाली चुनौतियों तथा उनके समाधान के उपायों पर भी चर्चा कीजिए।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)